मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-32
18/01/2026

# मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर में गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर कराये गये विकास कार्यों का लिया जायजा

पटना, 18 जनवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने बख्तियारपुर में गंगा तट स्थित सीढ़ी घाट का भ्रमण कर कराये गये विकास कार्यों का जायजा लिया। जायजा के क्रम में मुख्यमंत्री ने गंगा रिवर फ्रंट डेवलपमेंट के तहत कराये गये विकास कार्यों के साथ ही श्रद्धालुओं की सुनिश्चित करायी गयी सुविधाओं की जानकारी ली।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बचपन में अक्सर हम यहां सीढ़ी घाट पर स्नान करने आते थे। प्रतिदिन बड़ी संख्या में आस–पास के श्रद्धालु भी यहां पहुंचते हैं, जिसे ध्यान में रखते हुये इस घाट को काफी अच्छे ढंग से विकसित कराया गया है। अब श्रद्धालु सुगमतापूर्वक यहां आकर स्नान एवं पूजा–अर्चना करते हैं।

मुख्यमंत्री ने बख्तियारपुर के सीढ़ी घाट स्थित श्री राधे कृष्ण मंदिर में पूजा–अर्चना कर राज्य की सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। मुख्यमंत्री ने प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व सांसद पंडित शीलभद्र याजी एवं उनकी धर्मपत्नी स्व0 बालकेश्वरी याजी की समाधि स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि भी दी।

इस अवसर पर जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद श्री संजय कुमार झा, जिलाधिकारी डॉ0 त्यागराजन एस0एम0, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री कार्तिकेय के0 शर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

******